RAF SECTOR

NEWS CLIP

29/04/20

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik Jagran, Varanasi (UP)

सिगरा क्षेत्र में गश्त करते आरएएफ के जवान व पुलिसकर्मी • जागरण

Dainik Jagran, Ajamgarh (UP)

आप लोग बनाए रखें शांति बाकी के लिए हैं हम

नगर में रूट मार्च का नेतृत्व करते डीआइजी सुभाष चंद्र दुबे (बीच में) ● जागरण

जासं, आजमगढ़ : डीआइजी सुभाष चंद्र दुबे के नेतृत्व में आरएएफ ने शहर के एक छोर से दूसरे छोर तक रूट मार्च कर जनता को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। संदेश दिया कि लोग लॉकडाउन और रमजान में शांति बनाए रखें, बाकी अशांति का प्रयास करने वालों से खाकी निपट लेगी।

एक दिन पहले इलाहाबाद से पहुंचे आरएएफ के जवान पहले से तय स्थान पहाड़पुर में एकत्र हुए। वहां पहले से ही क्षेत्राधिकारी नगर आइएएस इलामारन जी मौजूद थे। कुछ देर में ही डीआइजी सुभाष चंद्र दुबे भी पहुंच गए और उसके बाद रूट मार्च शुरू हुआ। पहाड़पुर से शुरू रूट मार्च पांडेय बाजार, पानी की टंकी तिराहा, जामा मस्जिद, पुरानी कोतवाली, चौक, मातवरगंज, कोतवाली, नेहरू हाल होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचा। वहां से बिना रुके नरौली, पहलवान तिराहा होते हुए रेलवे स्टेशन पहुंचकर समाप्त हुआ।

डीआइजी ने बताया कि जिले में शांति व्यवस्था कायम रखना हमारी जिम्मेदारी है। इसमें आम जनता को भी अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित करनी होगी। अमन पसंद जनता के सामने अगर कोई समस्या आती है तो उससे निपटने के लिए पुलिस तैयार है।

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।